कृषि विज्ञान केन्द्र
(गो0 ब0 पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय)
धनौरी–हरिद्वार

पत्रांक: केवीके/धनौरी/201 दिनांक:17 दिसम्बर, 2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द, धनौरी–हरिद्वार के प्रक्षेत्र पर रबी 2023–2024 में उत्पादित सरसों अनुमानित **मात्रा 15.12** कुंतल को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। नीलामी **दिनांक: 07 जनवरी, 2025** की अपराह्न 2:30 बजे केन्द्र के प्रक्षेत्र पर की जायेगी। नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 तक प्रभारी अधिकारी, केवीके, धनौरी तथा निदेशक प्रसार शिक्षा, पंतनगर से प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी की शर्तें:

1. नीलामी में प्रतिभागी को धरोहर धनराशि के रूप में ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) जमा करना होगा। अधिकतम् बोलीदाता को समिति की स्वीकृति के उपरांत कुल मूल्य का 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि के रूप में तुरन्त जमा करना अनिवार्य होगा। सरसों उठान से पूर्व सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। अधिकतम् दो बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य बोलीदाताओं द्वारा जमा की गयी ₹ 5,000.00 (₹ पांच हजार मात्र) की धरोहर राशि उसी समय वापस करदी जाएगी।
2. उचित मूल्य न मिलने की दशा में समिति को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. सफल बोलीदाता को किसी भी प्रकार का वारदाना व श्रमिक केन्द्र द्वारा उपलब्ध नहीं करवाये जायेंगे।
4. नीलामी समिति को बिना कारण बताये नीलाम किए जाने वाली सरसों की बिक्री को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. प्रक्षेत्र पर ठेकेदार के अधिकृत व्यक्तियों की अनुमति होगी, जिनका पहचान पत्र केन्द्र के कार्यालय से निर्गत करवाया जायेगा।
6. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने पर पंतनगर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी एकमात्र मध्यस्थ होंगे जिनका निर्णय दोनों पक्षों (क्रेता एवं विक्रेता) को मान्य होगा।
7. इस नीलामी के सम्बंध में किसी भी विवाद की सुनवाई का क्षेत्राधिकारी जिला एवं सत्र न्यायालय ऊधम सिंह नगर होगा।
8. उपरोक्त शर्तों का पालन न करने की दशा में नीलामी रद्द समझी जायेगी।

प्रभारी अधिकारी

प्रतिलिपि:–

1. **समस्त निकटवर्ती ग्रामों के ग्रामसभाओं के सूचनापट्ट पर चस्पा हेतु।**
2. **विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर विज्ञापित हेतु।**